हिन्दुस्तान 02
रविवार, 5 मार्च 2023
www.livehindustan.com

# अग्रवाल महाविद्यालय में एनएसए शिविर शुरू

फरीदाबाद। बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल महाविद्यालय में एनएसएस की तीनों इकाइयों द्वारा सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्णकांत ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत में एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा एनएसएस का लक्ष्य गीत गाया गया । तत्पश्चात कार्यक्रम एनएसएस स्वयंसेविका लक्ष्मी द्वारा एनएसएस के उद्देश्य एवं महत्व के बारे में जानकारी दी गई । उसके बाद एनएसएस सेवक गौरव द्वारा रागिनी, पवन द्वारा मिमक्री और एनएसएस स्वयंसेविका हिमिका द्वारा कविता सुनाई गई।



अग्रवाल कॉलेज में शनिवार को एनएसएस शिविर के शुभारंभ के अवसर पर रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते प्राचार्य डॉ.केके गुप्ता। ● हिन्दुस्तान